# बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना

स्वास्थ्य भवन के पिछे, राज्य स्वास्थ्य समिति,
पुराने भवन तीसरा तल्ला, शेखपुरा, पटना 800014, (बिहार)
फोन नंबर: 0612-22999214 ईमेल आई.डी-: registar.bnrc@gmail.com

संoसंo—28 / बी.एन.आर.सी. / 2025 / 3013 दिनांक 20 / 11 / 2025

**—:: अति—आवश्यक सूचना ::—**

सरकारी एवं गैर—सरकारी प्रक्षेत्र में संचालित ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य / सचिव को सूचित किया जाता है कि जी0एन0एम0 एवं आर0ए0एन0एम0 परीक्षा, अक्टूबर 2024 बैच के लिए पूर्व निर्धारित मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा में परिस्थिति वश छूटे हुए प्रशिक्षणार्थियों की मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा, दिनांक 24.11.2025 को बी0एस0सी0नर्सिंग कॉलेज, नालंदा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, पटना में निर्धारित है।

अतः उपरोक्त के आलोक में संबंधित संस्थान (जिनके प्रशिक्षणार्थियों की मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा छूट गई है) को निदेश दिया जाता है कि किस परिस्थिति में पूर्व निर्धारित मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा की तिथियों में छूटे हुए प्रशिक्षणार्थी का परीक्षा संपन्न नही किया जा सका, कारण स्पष्ट करते हुए आवेदन परिषद् को दिनांक 24.11.2025 के पूर्व उपलब्ध कराकर उक्त परीक्षा की अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित किया जाय।

उल्लेखनीय है कि उक्त निर्धारित तिथि के पश्चात् मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा समाप्त कर दी जायेगी जिसके उपरांत किसी भी परिस्थिति में छूटे हुए प्रशिक्षणार्थियों का मौखिक एवं व्यवहारिक परीक्षा संपन्न कराने हेतु दिये गये आवेदन पर परिषद् द्वारा विचार नही किया जायेगा।

ह0 / —

**निबंधक,**
**बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना।**

ज्ञापांक— संoसंo—28 / बी.एन.आर.सी. / 2025 / 3013 दिनांक 20 / 11 / 2025

प्रतिलिपि :— सरकारी एवं गैर—सरकारी प्रक्षेत्र में संचालित ए0एन0एम0 एवं जी0एन0एम0 प्रशिक्षण संस्थान, बिहार राज्य के प्राचार्य / सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्ययक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :— निदेशक प्रमुख —सह— अध्यक्ष, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रतिलिपि :— वेबसाईट संधारक, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना को निदेश दिया जाता है कि उक्त सूचना वेबसाईट के सूचना—पट्ट पर प्रकाशित किया जाय।

20/11/25

**निबंधक,**
**बिहार परिचारिका निबंधन परिषद्, पटना।**

20/11/25